# 19 राजस्थान में पर्यटन

1. महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़े विभिन्न स्थलों चावण्ड, हल्दीघाटी, गोगुन्दा, कुम्भलगढ़, दिवेर, उदयपुर आदि को सम्मिलित करते हुए कितने करोड़ की लागत से 'महाराणा प्रताप ट्यूरिस्ट सर्किट' विकसित किया जायेगा?
(1) 100 करोड़ (2) 200 करोड़
(3) 50 करोड़ (4) 300 करोड़ (1)

2. समाई माता व छतरंग मोरी क्षेत्र को पर्यटक आकर्षण केन्द्र के रूप में विकसित किया गया जायेगा। यह स्थित है–
(1) बाँसवाड़ा व उदयपुर (2) चित्तौड़गढ़ व उदयपुर
(3) डूँगरपुर व बाँसवाड़ा (4) बाँसवाड़ा व चित्तौड़गढ़ (4)

3. प्रदेश में Meetings, Incentives, Conferences, Exhibitions Tourism हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारत मण्डपम् (दिल्ली) की तर्ज पर किस जिले में 'राजस्थान मण्डपम्' बनाया जायेगा?
(1) जोधपुर (2) जयपुर (3) बीकानेर (4) उदयपुर (2)

4. 13 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किस धार्मिक स्थल को प्रसाद योजना में शामिल किया गया?
(1) मालासेरी डूँगरी (आसींद, भीलवाड़ा)
(2) करणीमाता मंदिर (देशनोक, बीकानेर)
(3) सांवलिया सेठ मंदिर (चित्तौड़गढ़)
(4) केशवरायपाटन (बूंदी) (1)

5. भारतीय पर्यटन दिवस मनाया जाता है?
(1) 27 सितम्बर (2) 28 सितम्बर
(3) 25 जनवरी (4) 27 नवम्बर (3)

6. भारत का ऐसा कौनसा राज्य है जिसने पर्यटन को सर्वप्रथम उद्योग का दर्जा दिया?
(1) मध्यप्रदेश (2) राजस्थान (3) आन्ध्रप्रदेश (4) महाराष्ट्र (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में पर्यटन को उद्योग को दर्जा देने की सिफारिश मोहम्मद युनूस समिति ने 1989 में की थी। इन्हीं की सिफारिश पर 4 मार्च 1989 को पर्यटन को 'निर्धूम उद्योग' का दर्जा दिया गया।

7. राज्य में जून 2013 में कितने दुर्गों को विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया गया है?
(1) 5 (2) 6 (3) 7 (4) 8 (2)

**व्याख्या–** 21 जून, 2013 को विश्व धरोहर सूची में राजस्थान के 6 दुर्ग शामिल किये गये– चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, गागरोन, जैसलमेर, रणथम्भौर, आमेर।

8. राजस्थान के किस स्थान पर सर्वाधिक देशी पर्यटक आते है?
(1) सीकर (2) पुष्कर (3) माउण्ट आबू (4) जोधपुर (1)

9. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (पर्यटन सर्किट – क्षेत्र) सही सुमेलित नहीं है–
(1) मेवात सर्किट– अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर
(2) शेखावाटी सर्किट– चुरू, सीकर, झुंझुनू
(3) मरु सर्किट– जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर
(4) हाड़ौती सर्किट– कोटा, बूँदी, दौसा, जयपुर (4)

**व्याख्या–** दौसा, जयपुर ढूँढ़ाड़ सर्किट के अन्तर्गत आते है।

10. शाही रेलगाड़ी 'रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स' का प्रारम्भ कब किया गया?
(1) 2009 (2) 2011 (3) 2008 (4) 2012 (1)

**व्याख्या–** 15 मार्च, 2009 से 'रॉयल राजस्थान ऑन व्हील्स' का प्रारम्भ भारतीय रेलवे व RTDC ने संयुक्त रूप किया। इसका नया नाम 'पैलेस ऑन व्हील्स' है।

11. ट्रेवल्स इन वेस्टर्न इंडिया (पश्चिमी भारत की यात्रा) नामक पुस्तक के लेखक है–
(1) जी.एच. ओझा (2) कर्नल टॉड
(3) के.एम. मुंशी (4) दशरथ शर्मा (2)

12. राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ ट्यूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेन्ट (RITTMAN) की स्थापना कब की गई थी?
(1) 1978 (2) 1996 (3) 2000 (4) 2004 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान पर्यटन एवं आवागमन प्रबंध संस्थान (RITTMAN) की स्थापना 29 अक्टुबर, 1996 को जयपुर में की गई। इस संस्था का उद्देश्य गाईड़ों, कार चालकों, हॉटल व्यवसायियों, दुकानदारों तथा पर्यटन कार्मिकों के लिए विदेशी भाषाओं के पाठ्यक्रम संचालित करना, गाईडों का प्रशिक्षण करना, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार तथा कार्यशाला का आयोजन करना है।

13. देश का पहला हैरीटेज होटल है?
(1) उम्मेद भवन (जोधपुर) (2) अजीत भवन (जोधपुर)
(3) सामोद पैलेस (जोधपुर) (4) गजनेर पैलेस (बीकानेर) (2)

14. गोडवाड़ सर्किट में कौनसा जिला शामिल नहीं है?
(1) जालौर (2) पाली
(3) राजसमंद (4) सिरोही (3)

15. जयपुर को किसने रंग श्री द्वीप एवं Island of Glory कहा था?
(1) डॉ. सी.वी. रमन (2) कर्नल टॉड
(3) पी.के. सेठी (4) हीरालाल शास्त्री (1)

16. भोजन थाली मेला कहाँ पर भरता है–
(1) बैराठ (कोटपूतली–बहरोड़) (2) आबानेरी (दौसा)
(3) कामां (डीग) (4) धौलपुर (3)

**व्याख्या–** यह मेला भाद्रपद शुक्ल पंचमी को भरता है।

17. राजस्थान में सर्वाधिक विदेशी पर्यटकों के आगमन की संख्या की दृष्टि से प्रथम तीन स्थान पर स्थित जिलों का सही युग्म है–
(1) उदयपुर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़ (2) जयपुर, अजमेर, बीकानेर
(3) जयपुर, उदयपुर, जोधपुर (4) जयपुर, बीकानेर, जोधपुर
(3)

18. RTDC का होटल 'गोकुल' कहाँ पर स्थित है?
(1) कुम्भलगढ़ (राजसमंद) (2) कामां (डीग)
(3) नाथद्वारा (राजसमंद)
(4) खाटुश्याम जी (सीकर) (3)

19. RTDC का होटल 'घूमर' कहाँ पर स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) पाली (4) नागौर (1)

20. ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड का कार्य क्षेत्र किन जिलों में है?
(1) भरतपुर (2) करौली
(3) जयपुर (4) 1 व 2 दोनों (4)

व्याख्या– ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड का कार्य क्षेत्र भरतपुर और करौली जिले में है। इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित 4 सदस्य होंगे।

21. राजस्थान का तीसरा रोप–वे कहाँ पर स्थापित किया गया है?
(1) पुष्कर (अजमेर) (2) उदयपुर
(3) नीमच माता (उदयपुर) (4) सामोद (जयपुर ग्रामीण) (1)

व्याख्या– राजस्थान का तीसरा रोप–वे सावित्री माता मंदिर पुष्कर (अजमेर) में स्थित है। इसका प्रारम्भ 3 मई, 2016 से किया गया।

22. राजस्थान के किस नृत्य को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है?
(1) घूमर (2) तेरहताली
(3) कालबेलिया (4) कच्छी घोड़ी (3)

व्याख्या– कालबेलिया नृत्य को वर्ष 2010 में यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किया गया था। इस नृत्य की प्रसिद्ध कलाकार गुलाबो देवी है।

23. भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा 'प्रसाद योजना' का शुभारंभ कब किया गया?
(1) वर्ष 2011–12 (2) वर्ष 2012–13
(3) वर्ष 2014–15 (4) वर्ष 2016–17 (3)

व्याख्या– इस योजना के तहत् शुरुआती विकास के लिए 12 शहरों का चयन किया गया था, जिसमें राजस्थान का अजमेर शहर शामिल है। इसके तहत् पुष्कर व अजमेर के समग्र विकास के लिए 3264 लाख रु. की राशि स्वीकृत की है।

24. राजस्थान का निम्न में से कौनसा मन्दिर कृष्णा सर्किट में शामिल नहीं है?
(1) श्रीनाथ जी मन्दिर, नाथद्वारा (2) गोविन्द देव जी मन्दिर, जयपुर
(3) जगत शिरोमणि मन्दिर, आमेर (4) खाटुश्याम जी मन्दिर, सीकर (3)

25. सांभर फेस्टिवल 2024 का आयोजन कब किया गया?
(1) 26–28 जनवरी, 2024 (2) 10–12 फरवरी, 2024
(3) 09–11 मार्च, 2024 (4) 10–14 जनवरी, 2024 (1)

26. राजस्थान में लॉयन सफारी कहाँ की प्रसिद्ध है?
(1) सरिस्का (अलवर) (2) कोटा
(3) रणथम्भौर (सवाई माधोपुर) (4) नाहरगढ़ (जयपुर) (4)

27. स्वर्णिम त्रिकोण में शामिल है?
(1) दिल्ली, जोधपुर, आगरा (2) दिल्ली, आगरा, जयपुर
(3) लखनऊ, चैन्नई, बैंगलोर (4) दिल्ली, आगरा, मुम्बई (2)

28. विश्व विरासत दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 18 मई (2) 18 जून
(3) 18 अप्रैल (4) 18 जुलाई (3)

29. राजस्थान को मुख्यत: कितने पर्यटन परिपथ (सर्किट)में विभाजित किया गया है?
(1) 10 (2) 16 (3) 8 (4) 22 (1)

व्याख्या– राजस्थान के पर्यटन परिपथ निम्न प्रकार से है।
1. मरू सर्किट 2. शेखावाटी सर्किट 3. ढूँढाड़ सर्किट 4. हाड़ौती सर्किट 5. मेरवाड़ा सर्किट 6. मेवाड़ सर्किट 7. रणथम्भौर सर्किट 8. मेवात सर्किट 9. वागड़ सर्किट 10. गोडवाड़ सर्किट।

30. निम्न में से असंगत है?
(1) बैलून महोत्सव – बाड़मेर
(2) मारवाड़ महोत्सव – जोधपुर
(3) मीरा महोत्सव – चित्तौड़गढ़
(4) थार महोत्सव – जैसलमेर (4)


व्याख्या– थार महोत्सव का आयोजन बाड़मेर जिले में किया जाता है।

31. निम्न मे से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है? (पर्यटन स्थल–जिला)
(1) 84 खम्भों की छतरी– बूंदी
(2) रामगढ़ भण्डदेवरा मंदिर– बारां
(3) बौद्ध गुफाएँ– झालावाड़
(4) मचकुण्ड– अलवर (4)

व्याख्या– पर्यटन स्थल मचकुण्ड– धौलपुर।

Dhindhwal Publication Read and Achieve

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।